प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक: 20.12.2024 समय : 01:00 पी.एम.

..............................

जयपुर में भांकरोटा क्षेत्र में हुए गैस टैंकर अग्निकांड में मरने वालों की संख्या बढकर **सात** हो गई है। हादसा सुबह करीब 6 बजे अजमेर हाईवे पर रिंग रोड़ के पास गैस से भरे दो टैंकरों की टक्कर से हुआ। इसमें झुलसने से चार लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। हादसे में झुलसे 33 लोगों को एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें से कुछ की हालत गंभीर है। आग की चपेट में आने से 20 वाहन जल गए और कई वाहनों को नुकसान पंहुचा है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा एसएमएस अस्पताल पंहुचे और हादसे में झुलसे लोगों के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। उन्होंने एसएमएस में अधिकारियों को पीडितों को तुरंत ईलाज मुहैया कराने के निर्देश दिये। इसके बाद मुख्यमंत्री श्री शर्मा, उप मुख्यमंत्री प्रेमचन्द्र बैरवा और गृह मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने घटना स्थल पर पंहुचकर हादसे का ब्योरा लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हादसे की जांच करवाई जायेगी।

..............................

चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर भी अस्पताल पहुंच गये। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि दिल दहला देने वाले इस भीषण हादसे में झुलसे कुछ लोगों की हालत नाजुक बनी हुई है। वहीं जयपुर कलेक्टर जितेन्द्र सोनी ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है। घायलों के परिजनों की सहायता के लिए जयपुर पुलिस की ओर से हेल्पलाईन नम्बर जारी किये गये है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने भी हादसे को बेहद दुखद बताते हुए मृतको के परिवार के प्रति गहरी संवेदना जताई है। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने भी गैस टैंकर अग्निकांड पर गहरा शोक व्यक्त किया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मदन राठौड़, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सहित कई अन्य लोगों ने भी इस घटना पर गहरा दुख जताया है।

..............................

मुम्बई नाव हादसे में शहीद हुए नेवी के कमांडो महेन्द्र सिंह शेखावत की आज उनके पैतृक गांव जूनसिया में राजकीय सम्मान के साथ अन्त्येष्टी की जायेगी। जयपुर के सैनिक अस्पताल से उनकी पार्थिव देह रवाना हो गई है। जगह–जगह पुष्पाजंलि अर्पित कर उन्हें श्रृद्धाजलि दी जा रही है। गौरतलब है कि मुम्बई के समुद्र में एक यात्री नाव और नौसेना की स्पीड बोट के बीच हुई टक्कर में श्री शेखावत का निधन हो गया था।

..............................

जैसलमेर में आज राज्यों के वित्त मंत्रियों और वित्त और वित्तीय प्रबंधन से जुडे आला अधिकारियों की प्री बजट बैठक होने जा रही है। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी भी इसमें हिस्सा लेने जैसलमेर पंहुच गई है। वहीं केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन का अब से कुछ ही देर में जैसलमेर पहुंचने का कार्यक्रम है। वे दोपहर बाद राज्यों के वित्त मंत्रियों और वित्त प्रबंधन से जुडे आला अधिकारियों के साथ प्री बजट बैठक में हिस्सा लेंगी। वहीं जीएसटी काउंसिल की बैठक कल होगी। इसके लिए सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

..............................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अनूठे संवाद कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा की आठवीं कडी अगले महीने आयोजित होगी। कार्यक्रम के लिए माई जीओवी पोर्टल पर पंजीकरण शुरू हो चुका है और यह 14 जनवरी तक चलेगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य परीक्षा का तनाव कम करना तथा विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को इस अवसर को उत्सव की तरह मनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। शिक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि कक्षा छह से बारह तक के विद्यार्थियों तथा शिक्षकों और माता–पिताओं के लिए विविध विकल्पओ प्रश्न में क्विज प्रतियोगिता तैयार की गई है।

..............................

उदयपुर में कल से शिल्पग्राम महोत्सव की शुरूआत होने जा रही है। दक्षिण पश्चिम सांस्कृतिक केन्द्र की ओर से होने वाला ये आयोजन 30 दिसम्बर तक चलेगा। केन्द्र के निदेशक ने बताया कि इस बार महोत्सव का आयोजन लोक के रंग लोक के संग थीम पर किया जा रहा है। वहीं रणकपुर में भी कल से दो दिन के उत्सव की शुरूआत हो रही है।

..............................